कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 10-11-2024

विषय:- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अदद नाजायज देशी तमंचा .315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 अदद एंड्रॉयड ओप्पो मोबाइल फोन बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 09.11.2024 की रात्रि में नाजायज असलहा व कारतूस लेकर अपराध करने की मंशा से घूम रहे दो व्यक्तियों को हरिश्चन्द्र पार्क शौचालय के पास से गिरफ्तार किया गया जिनके पास से नाजायज 02 अदद देशी तमंचा .315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 अदद एंड्रॉयड ओप्पो मोबाइल फोन को बरामद किया गया। उक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर क्रमशः (1) मु0अ0सं0 123/2024 धारा 3/25/29 आर्म्स एक्ट व (2) मु0अ0सं0 124/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का पंजीकृत करते हुये गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण:- अभियुक्तगण द्वारा नाजायज असलहा व कारतूस लेकर अपराध करने की मंशा से घूम रहे थे जिनको थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया।

विवरण पूछताछ अभियुक्तगण:- पूछताछ पर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त सोनू के द्वारा बताया गया कि मैंने असलहा व कारतूस अपने दोस्त कृष्णा उर्फ बेचन यादव पुत्र रामजी यादव नि0 दारानगर थाना कोतवाली वाराणसी से खरीदा था तथा आयुष को मैंने असलहा व कारतूश बेचा था। अभियुक्त सोनू के मोबाइल फोन के अवलोकन से भी यह तथ्य प्रकाश में आया है कि अभियुक्त सोनू के द्वारा अपने मोबाइल फोन में असलहों का फोटो रखा है जिसे वह क्रय करने वालो को वाट्स अप के माध्यम से भेज कर बेचने व खरीदने की बात करता है

पंजीकृत अभियोग का विवरण-

(1) मु0अ0सं0- 123/24 धारा 3/25/29 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी विरुद्ध सोनू कनौजिया

(2) मु0अ0सं0- 124/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी विरुद्ध आयुष कुमार झा

गिरफ्तार अपराधियों का विवरण-

1. सोनू कनौजिया पुत्र मुन्ना कनौजिया पता के. 66/114 दारानगर थाना कोतवाली कमि.वाराणसी व स्थायी पता चिरई गाँव नारायण पुर थाना चौबेपुर कमि.वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष।

2. आयुष कुमार झा पुत्र श्रवण कुमार झा पता ईश्वरगंगी थाना जैतपुरा कमि.वाराणसी व स्थायी पता आबीगुहार बेनीपुर दरभंगा बिहार उम्र करीब 22 वर्ष।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी का स्थान व समयः-</u> दिनांक- 09.11.2024, **स्थानः-** हरिशचन्द्र पार्क में स्थित शौचालय के पास से, थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।

<u>विवरण बरामदगीः–</u>

1. देशी तमंचा .315 बोर **कुल 02 अदद**
2. जिन्दा कारतूस .315 बोर **कुल 03 अदद**
3. एंड्रॉयड मोबाइल फोन ओप्पो कम्पनी का **01 अदद**।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजीव कुमार सिंह, थाना कोतवाली कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री पवन पाण्डेय चौकी प्रभारी कबीर चौरा, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी अमियामण्डी, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
4. उ0नि0 श्री हिमाशु कुमार थाना कोतवाली, कमि0 वाराणसी।
5. हे0का0 कुलदीप सिंह, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
6. का0 शिवम भारती, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।